# शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

## क्रीड़ा अधिकारी का स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन सत्र 2016–17

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेन्डर के अनुसार इस सत्र में खेल–कूद की गतिविधियों का नियमित संचालन किया गया । महाविद्यालय के छात्रों ने परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, ब्हालीबॉल, बैडमिन्टन, शतरंज एवं एथलेटिक्स आदि प्रतियोगिता में भाग लिया । अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने इस वर्ष अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं टीम सेमीफायनल तक खेली, साथ ही नवभारत प्रेस बिलासपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता में भी महाविद्यालय के टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय ब्हालीबॉल प्रतियोगिता महाविद्यालय के छात्र पंकज कुमार बी.ए. (अंतिम) ने बिलासपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया ।

अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु उपरोक्त सभी खेलों के टीमों का चयन किया गया एवं खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं कोचिंग मेरे द्वारा प्रदान की गई । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों को टीम–किट (जर्सी–पैन्ट) आदि महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु व्हालीबाल, कबड्डी, बैडमिन्टन, क्रिकेट, शतरंज, एथलेटिक्स आदि टीमों का गठन किया गया एवं टीम लेकर टीम मैनेजर के रूप में बिलासपुर, तखतपुर एवं कोरबा गया ।

इस वर्ष हमारे महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन व्हालीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, एवं बिलासपुर सेक्टर कि टीम का चयन किया गया एवं प्रतियोगिता के लिए स्तरीय व्हालीबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया ।

क्रमशः–2

राज्यस्तरीय एवं विश्वविद्यालयीन क्रिकेट, सायकलिंग एवं व्हालीबॉल टीम के चयन हेतु चयनकर्ता के रूप में कर्तव्य निर्वहन हेतु कोरबा, बिलासपुर एवं कटघोरा गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत इंटर क्लास क्रिकेट एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । वार्षिक स्नेह सम्मेलन के पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों के सदस्य खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये । महाविद्यालय में नेक पीयर टीम के दौरे हेतु की गयी तैयारियों में भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया ।

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्पन्न किया । महाविद्यालय कि अनुशासन समिति, क्रीड़ा समिति, विकास समिति, ए.एफ.कमेटी एवं एंटी रैगिंग कमेटी, अपलेखन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा तथा पूरक परीक्षा में भी विक्षकीय कार्य किया । प्राचार्य द्वारा समय–समय पर दिये गये दायित्वों का निर्वहन किया ।

दिनांक–

Principal
Govt. Agrasen College
Dist. Bilaspur (C.G.)

Rahul G ⇒ ✓
169-170

(अजय कुमार मिश्रा)
वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा

SPORTS OFFICER
Govt. Agrasen College, Bilha
Bilaspur (C.G.)

# शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

## क्रीड़ा अधिकारी का स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन सत्र 2017–18

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेन्डर के अनुसार इस सत्र में खेल–कूद की गतिविधियों का नियमित संचालन किया गया । महाविद्यालय के छात्रों ने परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, व्हालीबॉल, बैडमिन्टन, शतरंज, एथलेटिक्स एवं क्रास कन्ट्री आदि प्रतियोगिता में भाग लिया । अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने इस वर्ष अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं टीम सेमीफायनल तक खेली । आरंग में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता महाविद्यालय के छात्र शंकर बी.काम (प्रथम) ने बिलासपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया ।

अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु उपरोक्त सभी खेलों के टीमों का चयन किया गया एवं खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं कोचिंग मेरे द्वारा प्रदान की गई । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों को टीम–किट (जर्सी–पैन्ट) आदि महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु व्हालीबाल, कबड्डी, बैडमिन्टन, क्रिकेट, शतरंज, एथलेटिक्स आदि टीमों का गठन किया गया एवं टीम लेकर टीम मैनेजर के रूप में बिलासपुर, तखतपुर, कोटा एवं गनियारी गया ।

इस वर्ष हमारे महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन क्रास कन्ट्रीं प्रतियोगिता 8/10/17 को सफल आयोजन किया गया, एवं बिलासपुर वि.वि.की क्रास कन्ट्रीं टीम का चयन किया गया एवं प्रतियोगिता के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी छात्र–छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र आमंत्रित मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा प्रदान किया गया ।

राज्यस्तरीय एवं विश्वविद्यालयीन क्रिकेट, सायकलिंग, वेट लिफ्टिंग एवं टेबल टेनिस एवं व्हालीबॉल टीम के चयन हेतु चयनकर्ता के रूप में कर्तव्य निर्वहन हेतु कोटा, भिलाई एवं बिलासपुर गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत इंटर क्लास क्रिकेट एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । वार्षिक स्नेह सम्मेलन के पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों के सदस्य खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये ।

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्पन्न किया । महाविद्यालय कि अनुशासन समिति, क्रीड़ा समिति, विकास समिति, ए.एफ.कमेटी एवं एंटी रैगिंग कमेटी, अपलेखन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा तथा पूरक परीक्षा में भी विक्षकीय कार्य किया । प्राचार्य द्वारा समय–समय पर दिये गये दायित्वों का निर्वहन किया ।

दिनांक–

Principal
Govt. Agrasen College
Bilha. Dist. Bilaspur (C.G.)

(अजय कुमार मिश्रा)
वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा

SPORTS OFFICER
Govt. Agrasen College, Bilha
Bilaspur (C.G.)

आयोजन तिथि 8-10-17

# सिटी स्पोर्ट्स

dainikbhaskar.com दैनिक भास्कर, बिलासपुर, मंगलवार 10 अक्टूबर, 2017

खेलकूद | बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा के कॉलेज से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, वीटीयू बेंगलुरू जाएंगे खिलाड़ी

## बीयू की टीम बनाने बिल्हा कॉलेज में क्रास कंट्री हुई, परमेश्वर और सीमा प्रथम रहे

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | बिलासपुर





अंतर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर दौड़ की शुरुआत करते प्रतिभागी। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल देकर सम्मानित किया।

अंतर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री पुरुष व महिला प्रतियोगिता बिल्हा के शासकीय अग्रसेन कॉलेज में आयोजित हुई। इसमें बिलासपुर यूनिवर्सिटी से संबद्ध 15 कॉलेज से 42 पुरुष और महिला वर्ग की 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पंचायत बिल्हा की अध्यक्ष पुनीता डहरिया व मंडल भाजपा अध्यक्ष ब्रजभूषण वर्मा और कॉलेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष गणेश लोनिया, प्राचार्य डॉ. एसके जैन, सह संयोजक डॉ. आरसी अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया।

पुरुष वर्ग की दौड़ कॉलेज से शुरू होकर गोढ़ी रोड़ तक और फिर वहां से कॉलेज तक 12.5 किलोमीटर और महिलाओं की दौड़ गोढ़ी रोड से शुरू होकर कॉलेज तक 5 किमी हुई। संगठन सचिव और खेल अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि इस क्रास कंट्री में प्रथम से पांचवें स्थान तक पाने वाले पुरुष और महिला वर्ग खिलाड़ियों का चयन 30 अक्टूबर को वीटीयू बेंगलुरू में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन क्रास कंट्री प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जहां वे बिलासपुर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान परमेश्वर सिंह ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार, द्वितीय धनेश कुमार केजी कॉलेज रायगढ़, तृतीय रघुराज सिंह सीपत कॉलेज, चतुर्थ हलेश्वर डीपी विप्र कॉलेज, पंचम गोपी कुमार गवर्नमेंट कॉलेज कोतरी रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम सीमा भारद्वाज चैतन्य कॉलेज पामगढ़, द्वितीय साधना गवर्नमेंट कॉलेज लोरमी, तृतीय लीलेश्वरी कंवर गवर्नमेंट कॉलेज कटघोरा, चतुर्थ रमैय्या साहू गवर्नमेंट कॉलेज लोरमी, पंचम पूर्णिमा नेताम जेपी वर्मा कॉलेज ने पाया। वहीं सम्मान और समापन समारोह में मुख्य अतिथि गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनके जैन, विशिष्ट अतिथि पुनीता डहरिया, सतीश वर्मा, गणेश लोनिया, विष्णु बिंदल, नारायण शर्मा थे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. संतोष बाजपेयी, सतीष शर्मा, उल्लास भुरंगी, किशन कैथवास, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. बोगी शंकर राव, अब्दुल नवाब खान, मुकेश घोरे, देवेंद्र सनाड्य, मुकेश गोयल, सुरेश पवार, अजय पत्रा, पुष्कर दिनकर, देवर्षि चौबे, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ. एएल सांडे, डॉ. आरसी अग्रवाल, डॉ. एमआर आगर, प्रो. के अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

# शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

## क्रीड़ा अधिकारी का स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन सत्र 2018–19

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेन्डर के अनुसार इस सत्र में खेल–कूद की गतिविधियों का नियमित संचालन किया गया । महाविद्यालय के छात्रों ने परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, व्हालीबॉल, बैडमिन्टन, शतरंज, एथलेटिक्स एवं क्रास कन्ट्री आदि प्रतियोगिता में भाग लिया । अंतर महाविद्यालयीन बैडमिन्टन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने इस वर्ष अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं टीम सेमीफायनल तक खेली । बलौदा बाजार में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कु.रूबी एम.ए. (पूर्व) राजनीति विज्ञान ने बिलासपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया ।

अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु उपरोक्त सभी खेलों के टीमों का चयन किया गया एवं खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं कोचिंग मेरे द्वारा प्रदान की गई। अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली. टीमों के खिलाड़ियों को टीम–किट (जर्सी–पैन्ट) आदि महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु व्हालीबाल, कबड्डी, बैडमिन्टन, क्रिकेट, शतरंज, एथलेटिक्स आदि टीमों का गठन किया गया एवं टीम लेकर टीम मैनेजर के रूप में बिलासपुर एवं तखतपुर गया ।

8 एवं 9 OCT 2018 को इस वर्ष हमारे महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन एवं परिक्षेत्र स्तरीय व्हालीबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, एवं बिलासपुर वि.वि. की व्हालीबाल (पुरूष) टीम का चयन किया गया एवं प्रतियोगिता के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी टीम एवं खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मेडल तथा प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा प्रदान किया गया । राज्य स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में बिलासपुर सेक्टर की टीम मैनेजर के रूप में टीम लेकर रायपुर गया ।

राज्यस्तरीय एवं विश्वविद्यालयीन क्रिकेट, वेट लिफिटिंग एवं एवं व्हालीबॉल टीम के चयन हेतु चयनकर्ता के रूप में कर्तव्य निर्वहन हेतु बिलासपुर गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत इंटर क्लास क्रिकेट एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । वार्षिक स्नेह सम्मेलन के पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों के सदस्य खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये ।

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्पन्न किया । महाविद्यालय कि अनुशासन समिति, क्रीड़ा समिति, विकास समिति, ए.एफ.कमेटी एवं एंटी रैगिंग कमेटी, अपलेखन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। 2018 के विधानसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में भी कार्य किया । विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा तथा पूरक परीक्षा में भी विक्षकीय कार्य किया । प्राचार्य द्वारा समय–समय पर दिये गये दायित्वों का निर्वहन किया ।

दिनांक–

(अजय कुमार मिश्रा)
वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा

SPORTS OFFICER
Govt. Agrasen College, Bilha
Bilaspur (C.G.)

Principal
Govt. Agrasen College
Bilha. Dist. Bilaspur (C.G.)

# शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

## क्रीड़ा अधिकारी का स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन सत्र 2019–2020

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेन्डर के अनुसार इस सत्र में खेल–कूद की गतिविधियों का नियमित संचालन किया गया । महाविद्यालय के छात्रों ने परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, व्हालीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, एथलेटिक्स एवं क्रास कन्ट्री आदि प्रतियोगिता में भाग लिया । अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला टीम ने इस वर्ष अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं टीम को विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ । बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कु.रूबी कोसले एम.ए. (अंतिम) राजनीति विज्ञान ने बिलासपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया । साथ ही कु. रूबी कोसले ने अटल बिहारी बाजपेयी वि.वि. बिलासपुर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में वि.वि. का प्रतिनिधित्व किया । महाविद्यालय की छात्रा कु.पार्वती बी.ए.प्रथम वर्ष ने महासमुंद में आयोजित राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बिलासपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया ।

अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु उपरोक्त सभी खेलों के टीमों का चयन किया गया एवं खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं कोचिंग मेरे द्वारा प्रदान की गई। अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों को टीम–किट (जर्सी–पैन्ट) आदि महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा प्रदान किया गया । अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु व्हालीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन , क्रिकेट, शतरंज, एथलेटिक्स आदि टीमों का गठन किया गया एवं टीम लेकर टीम मैनेजर के रूप में बिलासपुर एवं तखतपुर गया ।

राज्यस्तरीय एवं विश्वविद्यालयीन क्रिकेट, एवं व्हालीबॉल, तलवारबॉजी तथा क्रास कंट्री टीम के चयन हेतु चयनकर्ता के रूप में कर्तव्य निर्वहन हेतु बिलासपुर, बलौदाबाजार एवं अकलतरा गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत इंटर क्लास क्रिकेट एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । वार्षिक स्नेह सम्मेलन के पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये एवं राज्य स्तरीय तथा अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया। अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों के सदस्य खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये ।

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्पन्न किया । 15 जून 'योगा. दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में स्टाफ एवं छात्रों के साथ सामूहिक योगा का सफल आयोजन मेरे द्वारा किया गया । महाविद्यालय कि अनुशासन समिति, क्रीड़ा समिति, विकास समिति, ए.एफ.कमेटी एवं एंटी रैगिंग कमेटी, अपलेखन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। 2019 के पंचायत चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में भी कार्य किया । विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा तथा पूरक परीक्षा में भी विक्षकीय कार्य किया । प्राचार्य द्वारा समय–समय पर दिये गये दायित्वों का निर्वहन किया ।

दिनांक–

(अजय कुमार मिश्रा)

वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी

शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा

SPORTS OFFICER
Govt. Agrasen College, Bilha
Bilaspur (C.G.)

Principal
Govt. Agrasen College
Bilha, Dist. Bilaspur (C.G.)

शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

Ph. – 07752 – 259175
Email – govtagrasencollegebilha89@gmail.com

# / / प्रतिवेदन / /

महाविद्यालय में 01/09/2017, 08/09/2019 एवं 03/10/2019 को क्रीड़ा विभाग के द्वारा Health Hygiene विषय पर छात्रों को उपयोगी जानकारी क्रीड़ा अधिकारी श्री अजय मिश्रा द्वारा प्रदान की गयी।

Ajaymish
क्रीडा अधिकारी

प्राचार्य
शा. अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

Principal
Govt. Agrasen College
Bilha Dist Bilaspur (C.G.)